# थोक सब्जी मंडी में जाम के कारण पैदल निकलना दूभर

**बेलगाम होती जा रही शहर की यातायात व्यवस्था**

**वाहन चेकिंग के नाम पर महज खानापूर्ति**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़**

**शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है। सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में सुबह के समय मनमाने तरीके से खड़ी गाड़ियां तथा हाथ ठेले यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा पेंचीदा बना रहे है। यातायात पुलिस का कोई जबान यहां दिखाई नहीं देते है। जिससे यहां घंटों लोगों को जाम का शिकार होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस केवल नगर के बाहर चालान काटने में व्यस्त रहती है, जबकि यातायात की व्यवस्था सुधारना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। यातायात पुलिस भले ही शहर से बाहर चेकिंग अभियान चला कर महज खानापूर्ति कर रही हो लेकिन शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में पाकिं ग की व्यवस्था नहीं होने से यह हालात अब गंभीर रूप लेते जा रहे है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है।

सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों ने यहां समुचित पार्किं ग व्यवस्था बनाए जाने की मांग प्रशासन से की है। शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है। सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दिन में कई बार जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। शहर के मुख्य बाजार में मनमाने तरीके से खड़ी गाड़ियां तथा हाथ ठेले यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा पेंचीदा बना रहे है। यातायात पुलिस का कोई रौब नजर नहीं आ रहा है, ट्रैफिक पुलिस केवल नगर के बाहर चालान काटने में व्यस्त रहती है, जबकि यातायात की व्यवस्था सुधारना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। यातायात पुलिस भले ही शहर से बाहर चेकिंग अभियान चला कर महज खानापूर्ति कर रही है।





### चार पहिया वाहन में लगे हूटर बने परेशानी का सबब

सरकार द्वारा चार पहिया वाहन में हूटर लगाने की परमिशन केवल राज्यपत्रित अधिकारी, मंत्री, निगम अध्यक्ष ,आयोग अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित नेताओं को ही प्राप्त है। परन्तु शहर में कई रसूखदार महामंडलेश्वर अपनी गाड़ियों में हूटर लगकर घूम रहे हैं। जिन पर प्रशासन की कोई नजर नही है इसका कारण यह है कि कई पुलिसकर्मी अपने निजी वाहनों में हूटर लगाकर रौब दिखाते हुए नजर आते है। जाम लगने की स्थिति में पुलिस कर्मी वाहनों में लगे हूटर को बजा देते है जिससे उन्हें निकलने में सुविधा हो जाती है। वाहनों में लगे हूटर लोगों की परेशानी का सबव बनते जा रहे है।

### जाम की समस्या के नहीं मिल रहे सार्थक परिणाम

इसी प्रकार मुख्य बाजार में वाहनों की कतार लग जाने से सबसे ज्यादा समस्या बनती है। जिसको देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने की मांग की है। दरअसल जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार जाम को लेकर सख्ती जरूर बरती गई। लेकिन इसके कोई सार्थक परिणाम नहीं आए हैं। फिर से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था के हालत जस की तस हो गई हैं। नगर के मुख्य रास्ते पर घण्टों बेतरतीब खड़े वाहन लोगों के लिए परेशानी से कम नहीं है। नगर में करीब एक दर्जन से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां हर घंटे जाम के हालात बन जाते हैं।

# आग के सहारे हो रही बच्चों की पढ़ाई



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कड़ाके की ठंड के बीच बुधवार से नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल फिर से खुल गए। शीतलहर के कारण क्लासरूम में भी बच्चे ठंड से बेहाल दिखे। उन्हें ठंड से बचाने के लिए शासकीय प्राइमरी स्कूल शिलामती खेरा के शिक्षकों ने क्लासरूम में आग जलाई।**

जिले में पिछले चार दिनों से शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिन का तापमान 17 से 20 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। इस भीषण ठंड के बावजूद सुबह की शिफ्ट में लगने वाले अधिकांश स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शासकीय प्राइमरी स्कूल शिलामती खेरा के शिक्षक रविंद्र रावत ने बताया कि बच्चों को ठंड से परेशान देखकर उन्होंने क्लासरूम में आग जलाई, जिससे बच्चों को कुछ राहत मिली। आग जलाने के बाद ही बच्चों की पढ़ाई शुरू हो सकी ।ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने 5 और 6 जनवरी को नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित किया था। छुट्टी खत्म होने के बाद बुधवार से स्कूल सामान्य समय पर शुरू हो गए ।मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक शीतलहर का दौर जारी रहने की संभावना है। स्थानीय लोगों ने ठंड को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 10 बजे के बाद करने की मांग की है, हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है ।कड़ाके की ठंड के बीच बुधवार से नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल फिर से खुल गए। शीतलहर के कारण क्लासरूम में भी बच्चे ठंड से बेहाल दिखे।

# सड़क दुर्घटना में 8 लोग घायल, अस्पताल में उपचार जारी




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर बीती रात लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। इस दुर्घटना में करीब 8 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल टीकमगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा देहात थाना क्षेत्र के पारागढ़ तलैया के पास होना बताया जा रहा है।**

जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुए बबलू पाल ने बताया कि वे अपने परिवार और परिचितों के साथ नयाखेरा से मौगना गांव जा रहे थे। सभी लोग देहात थाना क्षेत्र के नयाखेरा गांव से दस्टोन कार्यक्रम में शामिल होने मौगना गांव जा रहे थे ।रास्ते में पारागढ़ तलैया के पास अचानक एक गाय सड़क पर आ गई। गाय को बचाने की कोशिश में ड्राइवर ने तेजी से ब्रेक लगाए, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस, डायल 112 और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ट्रॉली के नीचे से निकाला गया और तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा ।देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव ने बताया कि इस हादसे में कुल 8 लोगों को चोटें आई हैं। अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में से कुछ की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के कथन दर्ज किए जा रहे हैं।

# सामूहिक दवा सेवन अभियान का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आगामी सामूहिक दवा सेवन अभियान फरवरी 2026 के लिए मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में जिले के जतारा एवं पलेरा ब्लॉक से चिन्हित 30 अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुये।**

प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. देवेन्द्र सिहं तोमर संचालनालय स्वास्थ्य मप्र स्टेट कोर्डिनेटर डब्ल्यूएचओ उपस्थित हुये।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से 15 से 30 जनवरी तक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इन सम्मेलनों की तैयारियों के तहत बुधवार को नजरबाग मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके बाद एक कलश यात्रा भी निकाली गई।**




यह कलश यात्रा नजरबाग प्रांगण से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पपौरा चौराहा स्थित विजय राघव मंदिर पर खत्म हुई। इसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग, मातृशक्ति और साधु-संतों ने भाग लिया। कलश यात्रा से पहले साधु-संतों ने समस्त हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान किया। समाजसेवी शिरीष बिहारी मिश्रा ने बताया कि 15 से 30 जनवरी तक नगर की प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन होंगे। कार्यक्रम के संयोजक अमर प्रताप सिंह चौहान ने आगामी सम्मेलनों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुधवार सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। पिछले चार दिनों से जिले में शीतलहर का दौर जारी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज किया गया।**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक सर्द हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इस पूरे सप्ताह कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है ।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रहा था। अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। इसी दिन अधिकतम 19.5 डिग्री और न्यूनतम 6.8 डिग्री भी दर्ज हुआ।

# कारी नगर के नलों में आ रहा दूषित पानी, लोग दिख रहे परेशान

**181 की शिकायत का नहीं हो रहा समाधान**

**सीएमओ ने दिया पानी की टंकी की सफाई का आश्वासन**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर परिषद कारी में नलों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। बीते रोज जब पानी की आपूर्ति शुरू हुई, तो लोगों ने बाल्टियों में पानी भरा तो इस दौरान नलों से बदबूदार और गंदा पानी आता दिखा। वार्ड नंबर 8 के निवासियों का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।**

वार्ड नंबर 8 के निवासी राजकुमार पांडे और उमेश तिवारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। उन्होंने वार्ड पार्षद और नगर परिषद सीएमओ से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई। निवासियों के अनुसार नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर आए और निरीक्षण किया। उन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन देकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने का दबाव डाला, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि अधिकारी और कर्मचारी अक्सर दफ्तर में बैठकर ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें बंद करवा देते हैं ।इस संबंध में नगर परिषद कारी के सीएमओ देवेंद्र आर्या ने बताया कि गंदे पानी की शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी की सफाई कराकर उसमें ब्लीचिंग पाउडर डाला गया है। इंजीनियरों और कर्मचारियों को पानी की लाइन का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमओ आर्या ने लोगों से अपील की है कि यदि नलों में गंदा पानी आ रहा है, तो उसका उपयोग पीने के लिए न करें। नगर परिषद कारी में नलों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। बीते रोज जब पानी की आपूर्ति शुरू हुई, तो लोगों ने बाल्टियों में पानी भरा तो इस दौरान नलों से बदबूदार और गंदा पानी आता दिखा। वार्ड नंबर 8 के निवासियों का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों का आरोप है कि अधिकारी और कर्मचारी अक्सर दफ्तर में बैठकर ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें बंद करवा देते हैं ।इस संबंध में नगर परिषद कारी के सीएमओ देवेंद्र आर्या ने बताया कि गंदे पानी की शिकायत मिली थी। इस गंदे पानी के कारण कारी नगर के लोगों में बीमारी की आशंका देखी जा रही है। लोगों ने जिला प्रशासन से इस समस्या की ओर ध्यान देने की मांग की है।



# ग्रामीण क्षेत्रों में लिए जा रहे पानी के नमूने

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान ग्रामों के पेयजल के स्त्रोतों के जल के नमूने एकत्रित किये गये। इन जल नमूनों को एकत्रित कर जिला प्रयोगशाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं उपखण्डीय प्रयोगशाला जतारा में जमा कराया गया। प्रयोगशाला में पेयजल की गुणवत्ता की जांच की जायेगी।**

ईई पीएचई अनिल लगरखा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्रामों के पेयजल के स्त्रोतों के जल के नमूना एकत्रित कर सुविधानुसार जिला प्रयोगशाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं उपखण्डीय प्रयोगशाला में जमा कराया जा रहा है, जिससे समस्त पेयजल स्त्रोतों की जांच की जा सके। लगरखा ने बताया कि पेयजल नमूना जमा करने हेतु नितिन तिवारी मोबाइल नंबर 9340535407 जिला प्रयोगशाला,सुल्तान अहिरवार मोबाइल नंबर 6260421337 उपखंडीय प्रयोगशाला जतारा, बालाराम जाटव मोबाइल 9993278727 जनपद पंचायत बल्देवगढ़ तथा दीनदयाल विश्वकर्मा जनपद पंचायत पलेरा से संपर्क कर सकते हैं। जल नमूनों का प्रयोगशाला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं उपखण्डीय प्रयोगशाला जतारा में जमा कराया गया।


## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय पलेरा, जिला-टीकमगढ़ (म .प्र .)

क्रमांक/शामविप/पुस्त ./नि :शुल्क स्टेशनरी/1002/2026 पलेरा, दिनांक 05/01/2026

**//नि :शुल्क स्टेशनरी क्रय हेतु निविदा विज्ञप्ति//**

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार यत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति/जनजाति संवर्ग के विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क स्टेशनरी प्रदाय योजना अंतर्गत स्टेशनरी वितरण हेतु राशि 500/- प्रति छात्र की दर से स्टेशनरी क्रय की जाना है। इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा उच्च शिक्षा विभाग की बेबसाईड/पोर्टल पर प्रकाशन के 15 दिवस में कार्यालय समय में महाविद्यालय में स्वयं/कोरियर/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

निविदा के साथ स्टेशनरी सेम्पल के रूप में एक सेट प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पलेरा, खरगापुर रोड़ जिला टीकमगढ़ - 472221 के नाम संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अभाव में उक्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। स्वीकृत निविदा पर सेम्पल अनुसार ही सामग्री की आपूर्ति करना होगी।

| क्र. | स्टेशनरी सामग्री का नाम एवं संख्या | दर | जीएसटी | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रजिस्टर A-4 192 पेज 646 | | | |
| 2. | रजिस्टर A-4 140 पेज 3230 | | | |
| 3. | डॉक्यूमेंट फाइल चैन सहित 20 फिलिप हार्डवेयर 646 | | | |
| 4. | बाल पेन 3230 | | | |
| 5. | पेंसिल 646 | | | |
| 6. | रबड़ 646 | | | |
| 7. | स्टील स्केल 646 | | | |

**निविदा की शर्तें :-**


1. निविदाकर्ता फर्म का जीएसटी पंजीयन होना आवश्यक है। पंजीयन ( प्रमाण पत्र) की छायाप्रति साथ में लगाना आवश्यक है, प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
2. निर्धारित एवं उच्च गुणवत्ता मापदण्ड के आधार पर ही सामग्री क्रय की जाएगी।
3. स्टेशनरी की मूल प्रति सेट जीएसटी सहित रुपए 500 से अधिक न हों।
4. निविदा अमानत राशि के रूप में 2000/- का डीडी सचिव, स्थानीय प्रबंध समिति शासकीय महाविद्यालय पलेरा के पक्ष में देय अथवा कार्यालयीन समय में नगद राशि जमा कर रसीद प्राप्त की सकती है।
5. अमानत राशि की रसीद छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निर्धारित समय सीमा पश्चात प्राप्त भाव पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. निविदा पत्र स्वीकृत-अस्वीकृत करना प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य एवं अंधकारिक होगा।
8. सील बंद लिफाफे पर स्टेशनरी हेतु निविदा सत्र 2025-2026 अवश्य लिखें।
9. निर्धारित प्रपत्र के भाव पत्रक दें। अन्यथा विचार करना संभव नहीं होगा।
10. समय सीमा तथा आदेशानुसार स्टेशनरी प्रदाय नहीं करने पर आदेश निरस्त कर दिया जाएगा।
11. संपूर्ण स्टेशनरी एवं रजिस्टर का सेट बनाकर पारदर्शी बैग में रखकर टेप से बंद कर प्रदाय करना होगी।
12. प्रदाय सामग्री का प्रिंटिट मूल्य से अधिक मान्य नहीं होगा। अन्य प्रकार से अंकित मूल्य अस्वीकार होंगे।
13. भाव पत्रक में जी .एस .सी . नम्बर का उल्लेख अनिवार्य है।
14. सामग्री एफ .ओ .आर . शासकीय महाविद्यालय पलेरा मान्य होगी। पैकिंग ट्रांसपोर्ट आदि व्यय बैंक ड्राफ्ट कमीशन विक्रेता का स्वयं का होगा।
15. भुगतान ई-पेंमेंट के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु फर्म का नाम, बैंक खाता क्रमांक, आईएफसी कोड एवं बैंक का नाम देयकों में अंकित करना होगा।
16. भाव पत्रक में किसी भी सामग्री के दो भाव नहीं लिए जाएंगे।
17. शासन के निर्देशों एवं नियमानुसार प्रथक से बजट प्राप्त होने पर ही भुगतान किया जाएगा। अत : भुगतान में किसी प्रकार की देरी होने पर शासकीय महाविद्यालय पलेरा की कोई जबावदेही नहीं होगी।
18. किसी भी बाद की स्थिति में अंतिम निर्णय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय पलेरा का मान्य होगा।
19. सेम्पल के अभाव में निविदाकार को निविदा की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।
20. क्रय आदेश जारी होने के उपरांत निर्धारित समय अवधि में सामग्री की पूर्ती नहीं की जाती है। संबंधित अमानत राशि जब्त कर ली जाएगी एवं द्वितीय निविदाकार को आमंत्रण जारी किया जाएगा।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, पलेरा
जिला-टीकमगढ़ (म .प्र .)


**सलाह** — **खेतों पर करें उजाले की पर्याप्त व्यवस्था**

# मौसम को देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों के संबंध में दी सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 3 से 4 दिनों के दौरान मध्यम से घना कोहरा छाये रहने तथा मौसम आमतौर पर शुष्क तथा आसमान में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना हैं। दिन का अधिकतम तापमान 19 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने तथा रात का न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 2 से 5 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। आगामी 5 दिनों के दौरान रात का न्यूनतम तापमान 5 डिसे से कम रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, चना तथा मटर की फसल में इल्लियों की सक्रियता में कमी रहेगी।**



किसान भाई फ सल का निरीक्षण करते रहें तथा खेत में 20 फीट की दूरी पर ज् टाईप खूंटी लगा दें एवं प्रकाश या फेरोमेन प्रपंच का प्रयोग करें। नर्सरी में बोयी गई रबी मौसम की पौध को पोलीथीन से ढक दें परंतु पौधों को दक्षिण-पूर्वी भाग खुला रखें ताकि नर्सरी में दोपहर की धूप मिलती रहे। आनेवाले 3 से 4 दिनों के दौरान मध्यम से घना कोहरा छाये रहने तथा आसमान में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, इस समय तैयार फूलगोभी की कटाई करें और समय पर बाजार में भेज दें। देरी होने पर फू लगोभी की गुणवत्ता खराब हो सकती है। कुहरा छाये रहने के कारण, आर्द्रता में वृद्धि होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, आलू की फ सल में अगेती झुलसा रोग का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। इसके नियत्रण के लिए मेन्कोजेब दवा 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी दर से घोल बनाकर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।

आगामी 5 दिनों के दौरान रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट रहने तथा ठण्डी हवायें चलने की संभावना को देखते हुए। किसान भाई, पशुओं को सूखी और साफ जगह पर बांधें तथा उन्हें गुड़ के साथ अजवायन मिलाकर खिलाएं, ठंड से बचाने के लिए गाय तथा भैंस के छोटे बच्चों को बोरों के कपडे पहनाकर घरों मे रखें। न्यूनतम तापमान 5 डिसे से कम रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए चना तथा मटर की फ सल में इल्लियों की सक्रियता में कमी रहेगी।

### मौसम की पौध को पोलीथीन से ढके

नर्सरी में बोयी गई रबी मौसम की पौध को पोलीथीन से ढक दें परंतु पौधों को दक्षिण-पूर्वी भाग खुला रखें ताकि नर्सरी में दोपहर की धूप मिलती रहे। आनेवाले 3 से 4 दिनों के दौरान मध्यम से घना कोहरा छाये रहने तथा आसमान में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, इस समय तैयार फूलगोभी की कटाई करें और समय पर बाजार में भेज दें। देरी होने पर फूलगोभी की गुणवत्ता खराब हो सकती है। मौसम को देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों के संबंध में किसानों को सलाह दी हैं।